भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रैस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत एंबुलेंस सेवा को आरंभ किया ।

नई दिल्ली, 12 मई, 2017, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने सामाजिक निगमित उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के एक कदम के रूप में आधुनिक जीवन रक्षक प्रणालियों (एएलएस) से सुसज्जित एंबुलेंस सेवा अरूणाचल प्रदेश के लांगडिंग जिले में उपलब्ध करवाई। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की इस पहल का उदेश्य दूरस्थ उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है।

डॉ.गुरूप्रसाद महापात्र, अध्यक्ष, भाप्रसे, अध्यक्ष, भाविप्रा ने एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करते हुए कहा कि दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले रोगियों को एएलएस एंबुलेंस से निश्चित रूप से बहुत राहत मिलेगी तथा अरूणाचल प्रदेश के लांगडिंग जिले में प्राथमिक उपचार केन्द्र हेतु यह बहुत सहायक होगी।

भाविप्रा ने पूर्व में पेक्यांग, सिक्किम के प्राथमिक उपचार केन्द्र तथा डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा उदयपुर, राजस्थान के प्राथमिक उपचार केन्द्र में भी इसी तरह की एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई है ।

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें।
म.प्र. जसं 9811521881,011-24622787
प्रैस विज्ञप्ति सं. 07/2017- 18

डॉ॰ गुरुप्रसाद महापात्र, आईएएस, अध्यक्ष, भाविप्रा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की पहल के अंतर्गत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अरूणाचल प्रदेश के लांगडिंग जिले हेतु आधुनिक जीवन रक्षक प्रणालियों (एएलएस) से सुसज्जित एक ट्रेवलर एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।